# वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21

# जिला पर्यावरण सुधार समिति



समिति की ओर से पौधारोपण की तैयारियां करती टीम



राजकीय महल उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के सामने, वार्ड न. 46, झुन्झुनू ( राज. ) 333001

Tel. : 01592-294134

E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gmail.com

Website:-www.jzpss.org

# संस्थान का कार्य क्षेत्र




जिला पर्यावरण सुधार समिति राजस्थान के
विभिन्न शहरों में चला रही अनेक परियोजनाएं

**हमारा उद्देश्य लोगों का जीवन हो सुख मय**
**मानव जाति का जीवन हो स्वस्थ-सुरक्षित**

# सचिव की कलम से

मेरे प्यारे साथियों,



हमारी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति (पूर्व नाम झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति) ने इस वर्ष 3 वर्ष पूर्ण कर लिये है। यह सब आप सभी का सहयोग व आशीर्वाद का फल है। संस्था का 29 वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 15 अगस्त 1991 को मैंने इस संस्था की स्थापना कर 17 फरवरी 1992 से वैधानिक रजिस्ट्रेशन करवाकर पर्यावरण के क्षैत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया था। जल्दी ही आभास हुआ कि समाज में और भी गंभीर मुददे हैं, जिन पर संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान में संस्था समाज के गंभीर मुददों को लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था भारत सरकार, राज्य सरकार व समाज की भागीदारी से आम नागरिकों के जीवन में खुशी एंव समृद्धि लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्था के लिए वर्ष 2020–2021 काफी चुनौतीपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ–साथ अनेक उपलब्धियों भी प्राप्त करने का अवसर मिला। खासकर कोरोना काल में संस्था ने लोगों को जागरूक करने के साथ ही जरूरतमदों की मदद भी की, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रशासन के साथ मिलकर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्था के लिए बड़ी उपलब्धि रही। संस्था का प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये दोनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

संस्था की ओर से बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थ्य पोषण, आजीविका, पीने के पानी, शिक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एवं बेसहारा बच्चों, स्वच्छ भारत अभियान, हस्तशिल्पियों के साथ कार्य करने सहित विभिन्न सामाजिक मुद्‌दों पर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने संविधान एंव उद्‌देश्य के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देश–प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभाग के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरों पर संस्था की सुदृढ़ साख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यों के लिए समय–समय पर संस्था को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्था को और भी मजबूती से समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एवं परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्रीय, राज्य तथा झुंझुनूं, चूरू, सीकर व अजमेर जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका मैं आभार प्रकट करता हूं। साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूं। मैं संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ताओं के सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं।

वर्ष 2020–2021 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षों में भी सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर उनका संर्वागीण विकास करना हमारा ध्येय है। संस्था के 29 वर्ष पूर्ण होने पर मैं सभी सहयोगियों का तहेदिल से आभार प्रकट करता हूं।

शुभकामनाओं के साथ

**राजेश अग्रवाल**

सचिव

# ''राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2002–2003''

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
## ''राज्य स्तरीय गरिमा बालिका संरक्षण पुरस्कार 2016''

भारत –सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No. :- 125620017**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A. :- 204/15**
6. **Nyk No.:- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
7. **LABOUR DEPT.:- SHJ/5222/2005**
8. स्वैच्छिक क्षैत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के. / आयो / 13 / स.क. –195
9. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः– 16(1)(38)निमअ / 09 / से.प्र.–11
10. चिकित्साए वं स्वास्थय परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत खाद्‌य सुरक्षा प्रमाण पत्र– 12217031000006 दिनांक 04.01.2017
11. **E.S.I. Act 1948 and Registration Employees Date 05-08-2016**
12. **Employees' Provident Fund Act, 1952 Date 07-09-2019**
13. **State Bank of India :- 30616687773**
14. **HDFC Bank :- 13121450000217**
15. **ICICI Bank :- 671501700531**
16. **P.N.B. Bank :- 06682010026720**

# राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न राजकीय विभागों व उपक्रमों में मनोनीत सदस्य

1. **राष्ट्रीय महिला कोष नई दिल्ली AGM बैठक का सदस्य।**
2. **राजस्थान वॉलन्टरी हैल्थ एसोसिएशन जयपुर की प्रबंध कार्यकारिणी का सदस्य।**
3. **सी.एन.आर.आई. दिल्ली के राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष।**
4. **श्रीमती डॉ0 भावना शर्मा** जिला एवं सेशन न्यायाधीश झुंझुनूं द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम 2013 के अधीन गठित कमेठी की सदस्य।
5. **जिला यातायात समितिः—** जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं।
6. **"बेटी बचाओ बेटी पढाओ"** अभियान के जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स सदस्य
   (जिला कलेक्टर झुंझुनूं व चूरू)
7. **राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम** की जिला स्तर की समीक्षा समिति सदस्य।
8. **जिला स्तरीय सलाहकार समिति केन्द्रीय** भू—जल दोहन जिला कलेक्टर सीकर।
9. **डीआरजी (District Resource Group)** सदस्य महिला एवं बाल विकास विभाग चूरू
10. **राज्य में विकेन्द्रीकृत एवं सहभागी** ग्राम पंचायत विकास योजना की जिला स्तर पर कमेठी सदस्य कार्यालय मुख्य आयोजना अधिकारी झुंझुनूं
11. **मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन योजना** की जिला स्तरीय समिति सदस्य कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुनूं
12. **श्रीमती मंजू शर्मा** कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतू कार्यालय में आन्तरिक शिकायत समिति की सदस्य, राज्य बीमा एवं प्रा.नि.विभाग झुंझुनूं।
13. **राज्य बालिका नीति क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण जिला मॉनिटरिंग कमेटी चूरू में सदस्य**
14. **चाइल्ड लाइन एडवाइजरी बोर्ड चूरू में सचिव**
15. **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनूं जिला विधिक सेवा जागरूकता टीम में बंदियों के डेटा संग्रहण/कानूनी जानकारी/सलाह/सहायता के लिए चयनित सदस्य।**

**झुंझुनूं जिले को बेटी बचाओं—बेटी पढ़ाओं अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए तीन बार भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।**

# Executive Committee Members



Sh.Aiajaz Nabi
President
9414800961



Sh. Rajesh Agarwal
Secretary
9414080952



Sh. Raviprakash Agarwal
Treasurer
01593-22058



Dr. Bhawana Sharma
Vice President
7877385350



Smt. Sultana Bano
Exe. Member
9829462648



Sh. Anwar Ali
Exe. Member
9414305925



Sh. Kishan Verma
Exe. Member
9887200546



Sh. Liyakat Ali
Exe. Member
9987426786

Reg.No. JJN/102/1991-92

जिला पर्यावरण सुधार समिति

JHUNJHUNU ZILA PARAYAVARAN SUDHAR SAMITI

**Head Office**
Near Chomalo ki kutiya
Opp.Gov.Girls mahal School
Ward No.37 Jhunjhunu (Raj.)
Email.jzpss_c1@yahoo.co.in
01592-230952, 9414080952

**ISO Registration No.**
9001:2015

www.jzpss.org.

**Branch Office**
Anganbari Worker Training Centre
Jyoti Nagar-Agarsen Nagar
Churu (Raj.) Ph. 01562-254586
250700/ 813
jjnjzpss@gmail.com

Ref. No.: JZPSS/

Dated:

# संस्था की आम सभा दिनांक 15 मई 2018 में निर्वाचित प्रबंध कार्य कारिणी की सूची

## Exeutive Committee for the year 2018-21

| Designation | Name | Profession | Address | Telephone No. |
|---|---|---|---|---|
| President | Ajaj Nabi | Social worker | Idgaah Road Kamrudin shah ki dhargaah Jhunjhunu | 9414800961 |
| Vice President | Dr. Smt. Bhawana Shrma | Leacture | Modiyo Ki Jav Jhunjhunu | 7877385350 |
| Secretary | Rajesh Agarwal | Social Worker | Near Bank of Rajshthan Buildiang Singhana, Distt. Jhunjhunu | 01593-222613 9414080952 |
| Trasurer | Ravi Prakash Agarwal | Businessman | Ravi Misthan Bhandar Singhana, jhunjhunu0 | 01593-22058 |
| Exe. Member | Smt. Sultana Bano | Madersa Peara Teacher | D/o Niyad Moh. Khan Dhandhuri Dist. Jhunjhunu | 9829462648 |
| Exe. Member | Liyakt Ali | Property Dealer | Mohalala Khora jhunjhunu | 9887426786 |
| Exe. Member | Anwar Ali | Industrialist | C-28 Indira Nagar Jhunjhunu | 9414305925 |
| Exe. Member | Kishan Verma | Social Worker | ward No. 21 Churu | 9887200546 |
| Exe. Member | Smt. KiranBiyala | Advocate | Housing Board jhunjhunu | 9414332111 |

अध्यक्ष
(ऐजाज नबी)
अध्यक्ष
झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.)

सचिव
(राजेश अग्रवाल)
सचिव
झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति

कोषाध्यक्ष
(रवि प्रकाश अग्रवाल)
कोषाध्यक्ष
झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति

FCRA No. 125620006 , 80G No. J./06-07/1998/J.1,Registered under RGUMY (MSME) UM Code. UMRA053000437
Affiliated with NYK No. NYK/Jhunjhunu/2002-2003/07,PAN No. AAATJ5362J

# संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित परियोजना में कार्यरत मानदेय कर्मियों की सूची

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | परियोजना का नाम | स्थान | फोन नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुश्री दुर्गा माहीच | एलएलबी | केन्द्राधीक्षक | वन स्टॉप सखी सेन्टर | अजमेर | 9928071545 |
| 2 | श्रीमती प्रिती शर्मा | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | 0145–2627155 |
| 3 | श्रीमती सविता शर्मा | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 4 | श्रीमती मोहनी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 5 | सुश्री दुर्गा धारीवाल | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 6 | नितेश कुमार मेघवशी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 7 | आलोक त्रिपाटी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 8 | श्री रितेश पिंगल | 10 वीं पास | गार्ड | | | |
| 9 | श्री रविन्द्र चौहान | 10 वीं पास | गार्ड | | | |
| 10 | श्रीमती उषा रानी | 12 वीं पास | गार्ड | | | |
| 11 | श्रीमती सोनू देवी | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 12 | श्रीमती नीरू ढलवाल | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 13 | श्रीमती सुधा | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 14 | श्री कपित भाटी | एम.ए. समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 | चुरू | 01562–250700 |
| 15 | श्रीमती भंवरी देवी | बी.ए. | परामर्शदाता | | | |
| 16 | श्री जयकरण | 12वीं | टीम मेम्बर | | | |
| 17 | श्री किशन वर्मा | 12 वीं | टीम मेम्बर | | | |
| 18 | कुमारी मंजूला | 12 वीं | टीम मेम्बर | | | |
| 19 | जयंत कुमार पाण्डे | बी.ए. | टीम मेम्बर | | | |
| 20 | रुकैया बानो | बी.ए. | टीम मेम्बर | | | |
| 21 | अनिल मीना | 10 वीं | वॉल्टियर | | | |
| 22 | श्रीमती भंवरी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | बालिका आश्रय गृह | चुरू | 01562–250700 |
| 23 | श्रीमती सरोज देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | सामाजिक कार्यकर्ता | | | |
| 24 | श्रीमती गुडी देवी | बी.ए. बी.एड | केयर गीवर | | | |
| 25 | रुकैया | बी.ए. | केयर गीवर | | | |
| 26 | श्रीमती मंजू शर्मा | 12 वीं | आउट रीच वर्कर | | | |
| 27 | श्रीमती सरोज मुंड | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | अपना स्वाधर गृह योजना | झुंझुनू | 01592–230952, 294134 |
| 28 | श्रीमती कुसुम लता | एम.ए. साईकलोजी | परामर्शदाता | | | |
| 29 | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 30 | श्रीमती धनपती देवी | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 31 | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वीं | गार्ड | | | |
| 32 | श्रीमती वन्दना सैनी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुंझुनू | 7300145773 |
| 33 | कुमारी राखी आलड़िया | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | 7732851702 |
| 34 | श्री कपिल शर्मा | बी.ए. | लेखाकार | संस्था कार्यालय | झुंझुनू | 01592–230952 |
| 35 | श्री संजय कुमार | 8 वीं | कार्यकर्ता | | | |
| 36 | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | क्षैत्रीय प्रबंधक | | सीकर | 9461544152 |
| 37 | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | | | 9799282898 |
| 38 | मोहम्मद सोयब तंवर | एम.बी.ए. | ब्लॉक कोर्डिनेटर | | | 7742521190 |
| 39 | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | कोर्डिनेटर | | | 9782225062 |



## संस्थान द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यकर्मों का विवरण

### विश्व पर्यावरण दिवस

संस्था द्वारा 5 जून 2020 को संचालित स्वाधार गृह में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जिसमें संस्था अध्यक्ष ऐजाज नबी, उपाध्यक्ष डॉ0 श्रीमती भावना शर्मा, सचिव राजेश अग्रवाल, संस्था कार्यकर्ता व स्वाधार गृह में उपस्थित महिलाओं के सानिध्य में कोविड–19 की गाइड लाइन की पालना करते हुये स्वाधार गृह में ही वृक्ष के सामने दीप प्रज्जवलित कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। साथ ही संस्था द्वारा संचालित ''मेरी सांस–मेरा पेड़'' अभियान को आगे बढ़ाते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।



(संस्था उपाध्यक्ष डॉ0 श्रीमती भावना शर्मा, संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, संस्था कार्यकर्ता व स्वाधार गृह में उपस्थित महिलाऐं)

### अपना स्वाधार गृह योजना

यह योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से अनुदानित व राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के दिशा–निर्देश में जिला मुख्यालय पर अपना स्वाधार गृह का संचालन किया जा रहा है। जिसमें पीड़ित व असहाय महिलाओं को निःशुल्क भोजन, आवास व चिकित्सा सुविधा दी जाती है। गृह में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते है। इस वित्तीय वर्ष में 36 महिलाओं को गृह में प्रवेश दिया गया। जिसमें त्रिपुरा, उड़ीसा, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आसाम राज्यों से थी। इनमें से अधिकांश के घर वालों का पता लगाकर उनके सुपुर्द किया गया ।





(अपना स्वाधार गृह में आई राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष का स्वागत करते हुये )





(अपना स्वाधार गृह में आई महिला को उसके परिजन को सुपुर्द करते स्वाधार गृह का स्टॉफ व ऑपरेशन आवाज़ में महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में समझाते महिला थाना प्रभारी)

## चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 चूरु

यह योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार से अनुदानित एवं चाइल्ड लाइन इण्डिया फाउन्डेशन मुम्बई के सहयोग से चूरू जिला मुख्यालय पर 2015 से अनवरत सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में बच्चों से सम्बन्धित 205 परिवाद आये। जिसमें मेडिकल हेल्प 25, आश्रय 8, बाल मजदूरी 18, पालनहार योजना 23, मिसिंग 21, चाइल्ड मैरिज 15, एजुकेशन 30, चाइल्ड एब्यूज 30, भिक्षावृति 13, मिड डे मील के सात मामलों के साथ ही 15 अन्य परिवाद आये जिनका सफलता पूर्वक निस्तारण किया गया।





(5.10.2020 को चाईल्ड हेल्प लाईन की ओर से नवरात्रा समापन पर कच्ची बस्ती की 21 बालिकाओं व बच्चों को भोजन करवाया।







संस्थान की ओर से आयोजित विभिन्न आयोजना की चित्रमय झांकिया

(ऑपन हाउस कार्यक्रम में बच्चो के साथ चाईल्ड लाईन कोर्डिनटर कपिल भाटी व टीम मेंम्बर)

हम सामान्य रूप में सभी बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करते हैं। लेकिन हमारा विशेष ध्यान देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों पर है, विशेष रूप से वो बच्चे जो अधिक कमजोर वर्गों में शामिल हैं।

चाइल्डलाइन निम्न के बच्चों की मदद के लिए कार्य करती है –

– स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे
– बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे
– घरेलू नौकर
– परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक / यौन / भावनात्मक दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे ।
– बच्चे, जिन्हे भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है
– व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे
– अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे
– माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे
– गुम बच्चे
– बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं
– विकलांग बच्चे
– कानून के साथ संघर्षरत बच्चे
– संस्थानों में काम करने वाले बच्चे
– मानसिक रूप से विकलांग बच्चे
– एचआईवी एड्स संक्रमित बच्चे
– संघर्ष और आपदा से प्रभावित बच्चे
– शरणार्थी बच्चे
– बच्चे, जिनके परिवार संकट में हैं।

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा संस्था द्वारा अजमेर व झुंझुंनू जिला मुख्यालय पर स्थानीय महिला पुलिस थाना परिसर में महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र का सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है। अजमेर जिले में वर्ष 2015 से केन्द्र का संचालन किया जा रहा है इस वित्तिय वर्ष में 17 जुलाई 2021 तक 140 प्रकरण प्राप्त हुये जिनमें से 118 परिवादो का संफल निस्तारण किया गया। झुंझुंनू जिला मुख्यालय पर संचालित महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र में इस वित्तिय वर्ष में कुल 146 परिवाद आये जिसमें दहेज सम्बन्धी 121, बच्चा दिलवाने में 05, आश्रय दिलवाने 06, भरण पोषण हेतू डी0आई0आर0 14 से सम्बन्धित परिवाद आये सभी परिवादो का सफलता पूर्वक निस्तारण कर दिया गया।






## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत संस्था की ओर से वर्षभर विभिन्न प्रकार के आयोजन करते रहे। इसके तहत गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को स्वरोजगार के लिए राशि उपलब्ध करवाने का कार्य किये जाते है। इसके तहत अच्छा कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाता है।



राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत आयोजित समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान करते अतिथि

## वन स्टॉप सखी सेन्टर ( OSC )

महिला अधिकारिता विभाग अजमेर के सहयोग से जिला मुख्यालय अजमेर में वन स्टॉप सखी सेन्टर का सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–2021 में सखी सेन्टर में कुल 252 परिवाद आये जिनमें 222 घरेलू हिंसा, 05 ब्लात्कार, 03 पोक्सो एक्ट, 01 साईबर क्राईम व 22 अन्य परिवाद आये जिनका सफलता पूर्वक निस्तारण कर दिया गया ।



सखी केन्द्र की केन्द्राधीक्षक परिवाद की समझाईश करती हुई

## बालिका आश्रय गृह

बालिका आश्रय गृह चूरूः– यह योजना बाल अधिकारिता विभाग के सहयोग से चूरू जिला मुख्यालय वर्ष 2015 से निरन्तर सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत घर से भागी हुई, प्रेम प्रसंग, बाल तस्करी आदि से सम्बन्धित बालिकाओं को आश्रय गृह में प्रवेश दिया जाता है जिनको निःशुल्क आवास, भोजन व कानूनी सलाह प्रदान की जाती है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 28 बालिकाओं को प्रवेश दिया गया जिनमें 11 प्रेम प्रसंग, 16 आर्थिक मदद व 01 बाल तस्करी से सम्बन्धित मामला था। इनको समझाईश के माध्यम से उनके घर भिजवाया गया।



संस्थान की ओर से आयोजित गतिविधियों की चित्रमय झाकियां



पोषण वाटिका में उगाई गई सब्जियां



जिला सेवा प्रधिकरण के सचिव बालिकाओं से वार्ता



बालिकाओं को फुट वितरित करते हुए



गणतंत्र दिवस पर बालिकाओं के साथ ध्वजारोहण



भामाशाह द्वारा बालिकाओं को सोल वितरित



बालिकाओं को योगा करातें हुए



SP को रक्षाबन्धन पर बालिका ने बांधा रक्षासूत्र



लक्ष्मी को उपहार देते चूरू कलेक्टर संदेश नायक







प्रेरणादायक फिल्म दिखाते, बालिका का सम्मान करते, परिजनो को बालिका को सुपुर्द करते।

## नवजीवन योजना

सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग झुंझुंनू व चुरू के सहयोग से इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा शराब धन्धें में लिप्त 14 चिन्हित जातिया कंजर, सांसी, भाट, भाण्ड, नट, राणा, डोम, ढोली, मोगिया,बाबरिया, बेड़िया, बागरिया, सिकरिवाल, चौबदार इन चयनित जातियों के महिलाओं, पुरूषों व युवाओं को अपने पुश्तनी धन्धे में बाहर निकालने हेतू 03 माह के कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण लेकर दुसरे रोजगार के अवसर प्रदान करने का कार्य किया संस्था द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2020 से 17 मार्च 2021 तक झुंझुंनू जिले में 50 महिलाओं के 25–25 के दो बैच चिड़ावा व झुंझुंनू पंचायत में सिलाई प्रशिक्षण के बैच करवाये गये। इस प्रकार 50 पुरूषो के 25–25 के संगीत प्रशिक्षण झुंझुंनू व चिड़ावा के दो कौशल प्रशिक्षण बैच करवाये गये। इन प्रशिक्षत महिलाओं के मनोबल को बढ़ाने व किस प्रकार अपने द्वारा तैयार समान को बाजार में बेचा जाता है इसके लिए के जवाहर कला केन्द्र जयपुर में लगे अमृता हॉट बाजार के भ्रमण हेतू इन्है 14 मार्च 2021 को श्रीमान जिला कलेक्टर उमरूदीन जी के बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस भ्रमण में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्रीमान विप्लव न्यौला जी का सहयोग रहा है। प्रशिक्षणार्थी महिलाऐं भ्रमण करने के पश्चात इनके मनोबल में काफी बढ़ावा मिला। चुरू जिलें में भी कौशल प्रशिक्षण के तहत 03 माह का 25–25 महिलाओं के 02 बैच सिलाई प्रशिक्षण व 01 बैच ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं के मनोबल ऊंचा हुआ व अपना रोजगार स्थापित किया।




















जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से नवजीवन परियोजना के तहत वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।
इन कार्यक्रम के माध्यम से वांछित परिवारों की महिलाओं की विशेष प्रशिक्षण करवाया गया।

## सूक्ष्म लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम

नाबार्ड के सहयोग से संस्था द्वारा सीकर जिले में 4 बेच सूक्ष्म लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाया गया गया जिनमें महिलाओं को कागज व कपड़े के बैग निर्माण, पंजा दरी निर्माण का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया जिनमें लगभग 120 महिलाओं को इस योजना से लाभ मिला।





**इन्दिरा रसोई :** माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी की यह महती योजना है। राजस्थान सरकार ने संकल्प लिया कि पूरे प्रदेश में कोई भी गरीब आदमी भूखा नही सोये इस संकल्प के साथ राज्य सरकार ने जिला स्तर पर तीन इन्दिरा रसोई का संचालन करने का निर्णय लिया। इस योजना के तहत संस्था द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर इन्दिरा रसोई संचालन करने का निर्णय लिया। स्थानीय नगर परिषद चूरू में आवेदन किया। संस्था की प्रतिष्ठा को देखते हुये आवेदन स्वीकार कर संस्था को चूरू जिला मुख्यालय पर इन्दिरा रसोई संचालन की स्वीकृति प्रदान की। संस्था द्वारा अगस्त 2020 से 31 मार्च 2021 तक लगभग 27737 गरीब व्यक्तियों को 08 रूपये प्रति व्यक्ति भोजन करवाया।

### रोड़ सेफ्टी जागरूकता कार्यशाला

भारत सरकार के परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 03.09.2020 से 20.10. 2020 तक व 22.02.2021 से 13.03.2021 तक झुंझुनूं, चुरू, सीकर व अजमेर जिलो में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें डू नोट ड्रंक एण्ड ड्राईव विषय पर जागरूकता कार्यशाला कि गई, हैलमेट वितरण कार्यक्रम, चित्रकला, निबन्ध, सड़क सुरक्षा पर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। बस चालको की आंखो की जांच व निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम किया गया। वाहनो, ऊंटगाडा, गधागाडी, ट्रेक्सी, साईकिल, टू व्हीलर आदि पर ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रिफलेक्टर लगाये गये।




बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ





# जिला पर्यावरण सुधार समिति

द्वारा

संचालित भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन सीकर, झुन्झुनूं, अजमेर व चूरू आदि के सौजन्य से संचालित परियोजनाओं की सूची :–

वर्ष 2020–2021 **Funded By**

1. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम (Envoirnment Conservation Programmes)
2. स्वयं सहायता समूह (S.H.G) JhunJhunu 250, Sikar 200
3. दीनदयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन सीकर व चुरू (N.U.L.M.)
4. सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम
5. महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुंनू व अजमेर (M.S.S.K.)
6. भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम (F.F. & C.M.)
7. स्वंय सहायता समूहो को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से ऋण प्रदान करना।
8. बालिका आवासीय गृह, चुरू
9. चाईल्ड हैल्प लाईन, चुरू नई दिल्ली 1098
10. सखी वन स्टॉप सेन्टर चुरू, झुंझुंनू व अजमेर।
11. स्वंय सहायता समूह को डिजिटाईलंशन कार्यक्रम।
12. राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना (R.M.K.)
13. कृषक उत्पादक संगठन (FPO)
14. कॉमन सर्विस सेन्टर (CSC)
15. नवजीवन योजना (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
    (National Action Plan for Drug Demand Redctiuon (NAPDDR)

# संस्था की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का मीडिया में प्रकाशन

**राजस्थान**

जागरूक टाइम्स

जयपुर, मंगलवार, 14 जुलाई, 2020

## विजेताओं को सम्मानित किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित चाईल्ड हैल्प लाइन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र में कोविड 19 के




बचाव हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल, द्वितीय स्थान कीर्ति तथा तृतीय स्थान पर भूमी रही। प्रतियोगिता में सौची, लक्ष्मी, टीना, तरूण, लेहर भाटी, सानिया, सैफ, तरूण औझा एवं अन्य बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अन्त में प्रथम,द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को ईनाम के रूप में ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। अन्य बच्चों को भी प्रमाण पत्र दिये गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार दड़िया द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया तथा बच्चों को खीर खिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर चाईल्ड हैल्प लाईन के जिला समन्वयक कपिल भाटी, टीम मेम्बर किशन वर्मा, समीर पठान, भंवरी देवी, गुड्डी देवी, जितेन्द्र जाट, जयकरण कांटीवाल, ललित शर्मा, अनिता कांटीवाल मौजूद थे।



## 500 पौधे लगाने की मुहिम चढ़ने लगी परवान

◆ विश्व जनसंख्या दिवस पर लगाए पौधे

**चूरू ( सीमा सन्देश सं. )।** जिला पर्यावरण सुधार समिति चूरू की ओर से शहर को हराभरा बनाने के लिए ली गई 500 पौधे लगाने की मुहिम हौसलों के दम पर परवान चढ़ने लगी है। मुहिम के तहत शनिवार को समिति व अग्रसेन नगर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विश्व जनसंख्या दिवस पर बीसीएमओ डा. अहसान गौरी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। डॉ. अहसान गौरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी है। जिला पर्यावरण सुधार समिति इस क्षेत्र बहुत अच्छा कार्य कर रही है। अग्रसेन नगर के शहरी पीएचसी प्रभारी डॉ.सुमन धानिया ने कहा कि पौधरोपण करके ही हम पर्यावरण को दूषित होने से बचा सकते हैं। संस्था निदेशक किशन वर्मा, चाईल्ड हैल्प लाइन जिला समन्वयक कपिल भाटी, टीम सदस्य समीर पठान, गुड्डी देवी, जितेंद्र जाट, जयकरण कांटीवाल, मंजू देवी, ललित शर्मा, भारती, संगीता, सविता, संजू, सालिनी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



## कलेक्टर को बताई चाइल्ड हेल्प लाइन की गतिविधियां

**चूरू ( सीमा सन्देश सं. )।** जिला पर्यावरण सुधार समिति, चूरू के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कलेक्टर प्रदीप के गावंडे से मिलकर उन्हें जनहित में संचालित संस्थान की गतिविधियों से अवगत करवाया। समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने कलेक्टर गावंडे को वर्तमान में संस्था द्वारा चूरू जिले में चल रहे प्रोजेक्ट चाइल्ड हैल्प लाइन 1098, बालिका आश्रय गृह, सखी सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने संस्थान की गतिविधियों की सराहना कर जनहित के कामों में यथासंभव सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर संस्था निदेशक किशन वर्मा, जिला समन्वयक कपिल भाटी, बालिका आश्रय गृह गुड्डी देवी, सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र अधीक्षक मैना देवी आदि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया



# शिविर में की वाहन चालकों की जांच

चूरू (मदनमोहन आचार्य)। जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वाहन चालकों हेतु निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन कपूरिया अस्पताल में आयोजित किया गया। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम डिपो प्रबंधक दिलदार सिंह, जिला परिवहन अधिकारी संजय दत्ताल, कांग्रेस नेता जमील चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका चौधरी, जिला उपभोक्ता न्यायालय के पूर्व सदस्य सुभाषचंद्र मेघवाल, पूर्व अल्पसंख्यक अधिकारी असगर अली जोईया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशफाक खान आदि ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था के सचिव राजेश अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चालकों की नेत्र जांच अति अनिवार्य है। इसलिए संस्था द्वारा इनकी निःशुल्क नेत्र जांच कर इनको आगामी 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर निःशुल्क चश्मे वितरित किए जायेंगे। इस अवसर पर संस्था के किशन शर्मा, गुड्डी देवी, जगराम, करणी दान, समीर खान, कपिल भाटी, अनिता कुमारी व मंजुला आदि उपस्थित रहे।



← राष्ट्रदूत शेखावाटी...

# महिलाओं को जागरूक किया

झुंझुनूं, (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के द्वारा शनिवार को निकटवर्ती ग्राम आजाडी खुर्द में महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की गतिविधियों के बारे में जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष डॉक्टर भावना शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में परामर्शदाता कुमारी राखी आलडिया व वंदना सैनी ने महिलाओं से आव्हान किया की महिलाएं सभी प्रकार की हिंसा का विरोध करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सुरक्षा केंद्र जो की महिला पुलिस थाना गुढा मोड परिसर में संचालित है आकर बेहिचक अपनी समस्या बताये, जिसका समाधान बिना किसी पुलिस रिपोर्ट के, नही न्यायालय में जाना व निःशुल्क बिना किसी प्रचार प्रसार के आपसी समझाइश के माध्यम से महिलाओं की समस्या का समाधान किया जाता है।

# नशा कर वाहन ना चलाएं रोडवेज चालकः दिलदार सिंह



दैनिक **उद्योग आस-पास**

MOTTO



चूरू। आयोजित नगर के जिला पर्यावरण सुधार समिति में प्रेस वार्ता को संबोधित करते चाइल्ड हेल्प लाइन के निदेशक राजेश अग्रवाल

## रूपये नहीं राशन सामग्री दे, भिक्षावृति के खिलाफ मुहिम

चूरू। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से भिक्षावृति को लेकर एक अभियान की शुरुआत प्रेस वार्ता में की गई। ...

# त्रिपुरा की नाबालिग को राज्य बाल अधिकार सरक्षण आयोग अध्यक्ष की मौजूदगी में त्रिपुरा से आई टीम को सोंपा गया

झुंझुनु प्रेस विज्ञप्ति न्यूज समाचार दिनांक 14 जुलाई 2020 जिला पर्यावरण सुधार समिति दुवारा संचालित स्वाधार गृह में पिछले 2 महीने 10 दिन से रह रही त्रिपुरा की नाबालिग को मंगलवार को जयपुर से आई राजस्थान राज्य बाल अधिकार सरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल की मौजूदगी में त्रिपुरा से आई टीम को सोंपा गया समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया की इसी साल जनवरी में त्रिपुरा से बहला फुसलाकर भगाकर लाया गया था त्रिपुरा के दलाल ने मंडावा के दलाल की मदद से मंडावा के व्यक्ति से एक लाख पचास हजार



रुपये लेकर शादी करवा दी कुछ समय बाद वे लड़की घर से भागी तब पूरे मामले का खुलासा हुआ था वे नाबालिग थी इसकी जबरन शादी करवाई थी, इसके बाद इसे स्वाधार गृह में रखा गया, स्वाधार गृह की ओर से यह मामला राज्य बाल आयोग के ध्यान में रखा गया, इसके बाद बाल आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल ने त्रिपुरा के बाल आयोग से पुनर्वास हेतु सम्पर्क किया

आज दिनांक 14 -07 -2020 को संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, केंद्राधीक्षक वंदना सैनी , संस्था उपाध्यक्ष डॉक्टर भावना शर्मा , परामर्शदाता दीपिका चौधरी आदि की मौजूदगी में बाल आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ,बाल आयोग के सदस्य भगवान सहाय नागा , बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा, बाल आयोग के संयुक्त सचिव पवन पूनियां, बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक प्रिया चौधरी, त्रिपुरा महिला बाल विकास विभाग के सुमित दास की मौजूदगी में सुपुर्द किया इस अवसर पर संस्था दुवारा बाल आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल , बाल आयोग के सदस्य भगवान सहाय नागा का शॉल व फूल के बुके देकर स्वागत किया गया, बाल आयोग की अध्यक्ष दुवारा संस्था सचिव राजेश अग्रवाल , व केंद्राधीक्षक श्रीमती वन्दना सैनी का भी अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया गया,

बालिका की विदाई के समय स्वाधार गृह का स्टाफ व बालिका दोनों ही भावुक हुई

# घर से निकली महिला को स्वाधार गृह ने अपनों से मिलवाया

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं



झुंझुनूं. परिजनों के साथ गुड्डी देवी।

हिसार से अपने घर से लापता हुई एक बुजुर्ग महिला को झुंझुनूं के स्वाधार गृह ने परिजनों से मिलवाया। यह महिला 12 दिन पहले घर से निकल गई थी। दरअसल, हिसार के बसरा निवासी गुड्डी देवी (55) पत्नी बनवारीलाल कस्वा को मानसिक अवसाद रहता है। गत 12 जून को यह महिला अपने घर से निकल गई। परिजनों ने उसकी तलाश की। नहीं मिलने पर हिसार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच महिला झुंझुनूं जिले के लूणा गांव पहुंच गई और वहां परेशान होकर घूमती रही। जिस पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को खेमी शक्ति मंदिर स्थित क्वारंटाइन सेंटर पहुंचाया। यहां महिला को दो दिन तक रखा गया। इसके बाद उसे जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से झुंझुनूं में संचालित महिला स्वाधार गृह में भिजवाया गया। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि महिला अपना सही नाम नहीं बता रही थी। सदमे में थी। बार बार रो रही थी। केंद्राधीक्षक वंदना सैनी व परामर्शदाता दीपिका चौधरी ने उसकी काउंसिलिंग की। कुछ जानकारी मिलने पर राजेश अग्रवाल ने भादरा थाने में कार्यरत कांस्टेबल श्रवण अग्रवाल से उन्होंने चर्चा की। उन्होंने हिसार की गुड्डी नाम की महिला के लापता होने की जानकारी दी। जिस पर वाट्सअप पर महिला का फोटो भेजा गया। वहां से उनके परिजनों को यह फोटो भेजा गया तो महिला की पहचान हो गई। इस पर बुधवार को महिला के परिजन यहां पहुंचे। बाद में परिजनों के साथ उसे गांव के लिए रवाना किया गया।

राष्ट्रदूत- जयपुर

# सौतेले पिता द्वारा नाबालिग को बेचने का मामला

झुंझुनूं. (निसं)। राजस्थान बाल संरक्षण आयोग की सदस्य नुसरत बानो और सदस्य शिव भगवान नागा बुधवार को जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित स्वाधार गृह झुंझुनूं पहुंचे। स्वाधार गृह में 15 दिन पूर्व चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड मजिस्ट्रेट के आदेश से एक महिला को प्रवेश दिया गया था।

महिला की परामर्श के पश्चात ज्ञात हुआ कि उपरोक्त महिला नाबालिग है व पिता के द्वारा उसको बेचा गया है, उपरोक्त नाबालिका गर्भवती भी है जिसकी सूचना राज्य बाल संरक्षण आयोग जयपुर, जिला बाल कल्याण समिति झुंझुनूं, बाल कल्याण समिति चूरू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी झुंझुनूं, जिला प्रशिक्षण अधिकारी चूरू, उपखंड मजिस्ट्रेट राजगढ़ को पत्र के माध्यम से स्वाधार गृह द्वारा दी गई थी। इसी आधार पर राज्य बाल संरक्षण आयोग की टीम बुधवार को उपरोक्त नाबालिका की वस्तु स्थिति से अवगत होने के लिए स्वाधार गृह पहुंची।

टीम के साथ उपनिदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग पवन पूनिया, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता झुंझुनूं प्रिया चौधरी भी रहें, ज्ञात रहे इसी स्वाधार गृह में 1 माह पूर्व त्रिपुरा राज्य से खरीद कर लाई गई एक नाबालिका को भी कड़े संघर्ष के बाद राज्य बाल संरक्षण आयोग के संज्ञान लेने से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था व बालिका को उसके परिवार गृह राज्य त्रिपुरा भेजा गया।

# चार साल की बेटी जैनब के भविष्य के लिए साइना और शाहरुख ने फिर से बसाया घर



झुंझुनूं | मामूली बात पर चार साल पहले अलग होकर पारिवारिक न्यायालय पहुंचे नवलगढ़ के शाहरुख और साइना ने आखिर अपनी साढ़े चार साल की बेटी के भविष्य के लिए फिर से साथ मिला लिया और खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। शनिवार को झुंझुनूं के महिला थाना में महिला अधिकारिता विभाग के अधीन जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र में की गई समझाइश काम आ गई। इस केंद्र की परामर्शदाता वंदना सैनी और राखी ने बताया कि नवलगढ़ में रहने वाले आबिद काजी की बेटी साइना का निकाह 2015 में शाहरुख के साथ हुआ था। कुछ दिन तो परिवार ठीक से चला, लेकिन जल्दी ही छोटी-छोटी बातों को लेकर दोनों के बीच झगड़े होने लगे, चार साल पहले दोनों अलग हो गए और झुंझुनूं के पारिवारिक न्यायालय में अलग होने के लिए परिवाद पेश कर दिया। जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि उनके ध्यान में यह मामला आने पर उनकी टीम ने साइना और शाहरुख की तीन बार काउंसिलिंग की। उन्हें साढ़े चार साल की बेटी जैनब के भविष्य का वास्ता दिया। इस पर साइना पारिवारिक न्यायालय में चल रहा परिवाद वापस लेने को राजी हो गई। साइना और शाहरुख अपनी गृहस्थी फिर से बसाने के लिए राजी हो गए।

# महिला उद्यमियों का दल जयपुर रवाना



झुंझुनूं | स्वयं सहायता समूह की 50 उद्यमी महिलाओं को दल रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण लेने के लिए जयपुर के लिए रवाना हुआ। महिलाओं के दल को कलेक्टर यूडी खान ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि ये महिलाएं जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र में चल रहे अमृता हाट में प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले में अपने प्रोडक्ट को सही रुप से बेचने व उसको मार्केट में अधिक मात्रा में सेल करने के बारे जानकारी लेंगी। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग व जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जिले की अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण भ्रमण के लिए भेजा है।

## शराब के अवैध धंधे में लिप्त जातियों के उत्थान के लिए नवजीवन योजना के तहत प्रशिक्षण स्टाइपेंड, रोजगार रीना बैंक लोन सब्सिडी आदि अनेक सुविधाओ की जानकारी दी



दैनिक विश्व नायक - न्यूज नेटवर्क

झुनझुनु राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय अशोक जी गहलोत के द्वारा अपने पूर्व के कार्यकाल में विशेष 14 पिछड़ी हुई जातियां जिनके लिए यह मान्यता थी कि यह जातियां शराब के अवैध धंधे में लिप्त है के उत्थान के लिए नवजीवन योजना के नाम से एक विशेष योजना प्रारंभ की इस योजना में इन समाज के लोगों के लिए प्रशिक्षण स्टाइपेंड रोजगार रीना बैंक लोन सब्सिडी आदि अनेक सुविधाएं इनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति छात्रावास की सुविधा आदि अनेक सुविधाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की है जोकि राजस्थान सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग इसके लिए कृत संकल्पित है इस विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनू और चूरू जिले में इन विशेष जातियों के उत्थान के लिए कुछ प्रयास कर रही है जिसकी झलक आपके समक्ष ह

राजस्थान पत्रिका
patrika.com
08
चूरू, शुक्रवार, 24 जुलाई, 2020

## जिले में उत्साह से मनाई हरियाली तीज



चूरू. जिले में हरियाली तीज उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम हुए। युवतियों ने हाथों पर मेहंदी रचाई और पेड़-पौधों की पूजा भी की। जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से संचालित चाइल्ड हैल्प लाइन की ओर से बालिकाओं ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधा। कपिल भाटी ने विचार व्यक्त किए। बालिका आश्रय गृह की केन्द्राधीक्षक भंवरी देवी, गुड्डी देवी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर किशन वर्मा, समीर पठान, अनिशा बारोटिया, जितेन्द्र जाट, जयकरण बाटीवाल, ललित शर्मा आदि उपस्थित थे।

सीकर, शनिवार 1 अगस्त, 2020

## कच्ची बस्ती की बच्चियों ने एसपी को बांधा रक्षासूत्र



चूरू. एसपी को रक्षासूत्र बांधती कच्ची बस्ती की बच्चियां।

चूरू | जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से संचालित चाइल्ड हैल्प लाइन की ओर से शुक्रवार को कच्ची बस्ती की बच्चियों के साथ रक्षाबंधन मनाई तथा बच्चियों ने एसपी परिस देशमुख को रक्षा सूत्र बांधा। एसपी ने बच्चियों को शिक्षा से जुड़कर उच्च शिक्षा हासिल करने व जीवन में निडरता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। चाइल्ड हैल्प लाइन जिला समन्वयक कपिल भाटी ने एसपी से बच्चियों का परिचय करवाया। इस मौके पर बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक अरूणसिंह शेखावत, लखनसिंह, गुड्डी देवी, जितेन्द्र जाट आदि उपस्थित थे।

# चूरू पत्रिका

## बाल दिवस पर बच्चों को बांटी मिठाई



# चूरू पत्रिका






## जिला पर्यावरण सुधार समिति के तत्वाधान में महिलाओं को कपड़े के बैग वितरित किये

वीर वीरांगना

झुंझुनू (शंकर लाल शर्मा)। जिला पर्यावरण सुधार समिति के तत्वाधान में महिलाओं को पर्यावरण बचाने और पॉलीथीन बंद करने के लिए जागरूक किया। जिला समन्वयक रामप्रकाश पारीक ने बताया कि समिति के द्वारा भामुंवा सिद्ध, बाडा की ढाणी, कुम्हारों का मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर सैकड़ों महिलाओं को कपड़े के बैग वितरित किए गए। रामप्रकाश सिंह ने महिलाओं को पॉलीथीन से होने वाले नुकसानों की जानकारियां प्रदान की। महिलाओं को पॉलीथिन मुक्त भारत के बारे में जानकारी देते हुए जिला समन्वयक रामप्रकाश पारीक ने कहा कि आज पॉलीथिन पर्यावरण प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। पॉलीथिन जमीन में जाने से जमीन की उर्वरा शक्ति को खत्म कर देती है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। साथ ही पॉलीथिन खाने से बहुत से आवारा पशु काल का ग्रास बन जाते है। हमें पॉलीथिन का बहिष्कार कर कपड़े का उपयोग करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

# चूरू पत्रिका



## संस्थान का प्रशासनिक कार्यालय

राजकीय बालिका महल प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड न. 46 झुन्झुनू ( राज. )
Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 294134
E-mail : jzpss_cl@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com childline1098churu@gmail.com
Website:- www.jzpss.ort

## क्षेत्रीय कार्यालय

आंगनबाडी कार्यक्रर्ता प्रशिक्षण केन्द्र
सामुदायिक भवन के पीछे, अग्रसेन नगर, ज्योति नगर चूरू (राज.)
फोन न. 01562-250700
**Email-Id :- childline1098churu@gmail.com**

पंसारी हवेली, अग्रवाल समाज के सामने,
रींगस बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर
फोन न. 9461544152, 9799282898

अध्यक्ष
ऐजाज नबी
जिला पर्यावरण सुधार समिति

सचिव
राजशे अग्रवाल
जिला पर्यावरण सुधार समिति